

# पेड़ बड़े अच्छे होते हैं

जेनिस उडरी

चित्र: मार्क सिमोंट






# पेड़ बड़े अच्छे होते हैं



जेनिस उडरी


चित्र: मार्क सिमोंट





पेड़ बड़े अच्छे होते हैं.

वे आकाश को भर देते हैं.




वे नदियों के किनारे और घाटियों में उगते हैं.

वे पहाड़ियों पर रहते हैं.



पेड़, जंगल बनाते हैं.

वे हर चीज़ को सुंदर बनाते हैं.





भले ही आपके पास सिर्फ़ एक पेड़ हो, तो भी अच्छा होगा.

पेड़ अच्छे होते हैं क्योंकि उनमें पत्तियाँ होती हैं.

पत्तियाँ पूरी गर्मियों भर हवा में फुसफुसाती हैं.






पतझड़ में, पत्तियाँ नीचे गिरती हैं और हम उनमें खेलते हैं.

हम पत्तियों पर चलते हैं और पत्तियों में लोटते हैं.

हम पत्तियों से खेलघर बनाते हैं.

फिर हम उनका एक ढेर बनाकर अलाव जलाते हैं.




पेड़ अच्छे होते हैं क्योंकि उनमें तने और शाखें होती हैं.

हम पेड़ पर चढ़कर बगीचे में सभी ओर देख सकते हैं.

हम एक शाखा पर बैठ सकते हैं और चीज़ों के बारे में सोच सकते हैं.

या पेड़ पर चढ़कर समुद्री लुटेरों का खेल खेल सकते हैं.



अगर वो सेब का पेड़ है, तो हम सेब
तोड़ने के लिए उस पर चढ़ सकते हैं.





बिल्लियाँ, पेड़ों पर चढ़कर कुत्तों से दूर भागती हैं.

पक्षी, पेड़ों पर घोंसला बनाते हैं और वहाँ रहते हैं.

पेड़ों से हमें लकड़ियाँ मिलती हैं.


हम लकड़ियों से रेत पर चित्र बनाते हैं.



हमें पेड़ पर झूला झूलने में मज़ा आता है.

हमें टोकरी में फूल भरना अच्छा लगता है.

आराम करते समय कुदाल को टिकाने के लिए पेड़ का तना एक अच्छी जगह होती है.






पेड़ इसलिए अच्छे हैं क्योंकि वे हमें छाया देते हैं.

जब गर्मी होती है तो गायें पेड़ की छाया में लेटती हैं.





लोग पेड़ के नीचे पिकनिक भी मनाते हैं.

और छोटा बच्चा पेड़ की छाया में अपनी बग्गी में झपकी लेता है.



घर के पास पेड़ होना अच्छा लगता है.

पेड़, घर को छाया देता है और उसे ठंडा रखता है.



पेड़ तेज़ हवा को रोकता है और तेज़ हवा से
कभी-कभी घर की छत को उड़ने से बचाता है.



पेड़ लगाना अच्छा होता है.

आप जितना बड़ा हो सके उतना बड़ा गड्ढा खोदें
और उसमें एक छोटा पेड़ लगायें.

फिर आप उसमें ढेर सारा पानी और मिट्टी डालें.

फिर फावड़े को गैरेज में फिर से वापस लटका दें.






सालों-सालों तक, हर दिन

आप उस छोटे पेड़ को बढ़ते हुए देखते हैं.

आप लोगों से कहते हैं,

"देखो, मैंने ही यह पेड़ लगाया था."





लोग चाहते हैं कि उनके पास भी एक पेड़ हो,

इसलिए वे घर जाकर खुद एक पेड़ लगाते हैं.

अंत

